 **Your Roll No. ....................**

| | | |
|---|---|---|
| *Sl. No. of Ques. Paper* | **: 2127** | **F-5** |
| *Unique Paper Code* | **: B-805** | |
| *Name of Paper* | **: Hindi Literature** | |
| *Name of Course* | **: B.A. (Hons.) Discipline Centred Course** | |
| *Semester* | **: Annual Part II** | |
| *Duration* | **: 2 hours** | |
| *Maximum Marks* | **: 50** | |

**टिप्पणी:**—*इस प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक 'स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग' के बी०ए० (ऑनर्स) में प्रवेश प्राप्त छात्रों के लिए मान्य हैं। नियमित विद्यार्थियों के लिए इन अंकों का समानुपातिक पुनर्निर्धारण परीक्षाफल तैयार करते समय किया जायेगा।*

***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*

1. (क) सूफी काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

'वीरगाथा काल' नाम की सार्थकता पर विचार कीजिए। 4

(ख) मध्यकालीन बोध से आप क्या समझते हैं?

**अथवा**

आधुनिक बोध और मध्यकालीन बोध में अंतर स्पष्ट कीजिए। 3

(ग) भारतेन्दुयुगीन कविताओं पर नवजागरण का प्रभाव स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

द्विवेदीयुगीन कविता की मुख्य प्रवृत्तियों पर विचार कीजिए। 3

4. (क) 'अशोक की चिंता' कविता का भाव स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'अधिनायक' कविता के प्रतिपाद्य का विश्लेषण कीजिए। 7

(ख) किन्हीं **दो** पद्यांशों के आधार पर दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(अ) सजें न मस्जिद और नमाजी, कहता है अल्लाताला
सजधजकर, पर, साकी आता, बन ठनकर, पीने वाला,

शेख, कहाँ तुलना हो सकती मस्जिद की मदिरालय से
चिर-विधवा है, मस्जिद तेरी, सदा-सुहागिन मधुशाला।

(i) प्रस्तुत कविता का शीर्षक तथा इसके रचनाकार का नाम लिखिए।

(ii) 'चिर-विधवा है मस्जिद तेरी, सदा-सुहागिन मधुशाला' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

(iii) 'साकी' शब्द का अर्थ लिखिए। 1

(ब) आरती लिए तू किसे ढूंढता है मूरख,
मन्दिरों, राजप्रासादों में, तहखानों में?
देवता कहीं सड़कों पर, गिट्टी तोड़ रहे,
देवता मिलेंगे खेतों में, खलिहानों में।

(i) प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार एवं रचना का नाम लिखिए। 2

(ii) "देवता मिलेंगे खेतों में, खलिहानों में" पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

(iii) 'राजप्रासादों' शब्द का अर्थ लिखिए। 1

(स) सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं,
मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए।
मेरे सीने में नहीं तो, तेरे सीने में सही,
हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए।

(i) प्रस्तुत पंक्तियों का शीर्षक एवं रचनाकार का नाम लिखिए। 2

(ii) 'हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

(iii) 'मकसद' शब्द का अर्थ लिखिए। 1

3. (क) 'उसने कहा था' उज्ज्वल और निःस्वार्थ प्रेम की कहानी है— स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

" 'दूध का दाम' कहानी समाज में व्याप्त अस्पृश्यता की समस्या को उजागर करती है।" इस कथन के औचित्य पर विचार कीजिए। 7

(ख) किन्हीं **दो** गद्यांशों के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(अ) चुपचाप सब तैयार हो गए। बोधा भी कंबल उतारकर चलने लगा, तब लहना सिंह ने उसे रोका। लहनासिंह आगे हुआ तो बोधा के बाप सूबेदार ने उँगली से बोधा की ओर इशारा किया। लहनासिंह समझकर चुप हो गया। पीछे दस आदमी कौन रहें, इस पर बड़ी हुज्जत हुई। कोई रहना न चाहता था। समझा-बुझाकर सूबेदार ने मार्च किया। लपटन साहब लहना की सिगड़ी के पास मुँह फेरकर खड़े हो गए और जेब से सिगरेट निकालकर

सुलगाने लगे। दस मिनट बाद उन्होंने लहना की ओर हाथ बढ़ाकर कहा, "लो तुम भी पियो।"

(i) प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार का नाम एवं रचना का शीर्षक लिखिए। 2

(ii) लहना सिंह कौन था? 1

(iii) इन पंक्तियों में सैनिकों के किस भाव की ओर संकेत किया गया है। 1

(ब) कुर्बान भाई सन्न रह गए। बात समझ में आते-आते भीतर तक हचमचा गए। आँखों के आगे तारे नाचने लगे। वहीं जमीन पर उकड़ूँ बैठ गए और सिर पकड़ लिया। अंधेरे का एक ठोस गोला कलेजे से उठा और हलक में आकर फँस गया। बरसों से जमी रुलाई एक साथ फूट पड़ने को ज़ोर मारने लगी।

(i) प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार का नाम और रचना का शीर्षक लिखिए। 2

(ii) कुर्बान भाई की आँखों के आगे तारे क्यों नाचने लगे? 1

(iii) 'सिर पकड़ना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

(स) इस क्षेत्र के पराजित उम्मीदवार, पुराने जनसेवक जी का सपना सच हुआ। कोसका भैया ने उन्हें फिर जनसेवा का 'औसर' दिया है। ......... जै हो, जै हो ! इस बार भगवान ने चाहा तो वे विरोधी को पछाड़कर दम लेंगे। वे कस्बा रामनगर के एक व्यापारी की गद्दी से टेलीफोन करके जिला मजिस्ट्रेट तथा राज्य के मंत्रियों से योगसूत्र स्थापित कर रहे हैं— 'हैलो ! हैलो .....।'

(i) प्रस्तुत पंक्तियों का शीर्षक एवं रचनाकार का नाम लिखिए। 2

(ii) पुराने जनसेवक को जनसेवा का अवसर किसने प्रदान किया? 1

(iii) 'कस्बा' शब्द से क्या तात्पर्य है? 1

4. (क) किसी **एक** उपन्यास से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 5

(i) भुवनचन्द्र शास्त्री के स्वभाव की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ii) 'मझिल दा' की पत्नी अर्थात बोज्यू को किस चीज का शौक था?

(iii) भुवनचन्द्र शास्त्री और बेबी के क्या संबंध थे?

**अथवा**

(i) छंगामल विद्यालय इण्टर कालेज की स्थापना किस उद्देश्य से की गई?

(ii) जोगनाथ कौन था, उसके चरित्र की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(iii) कोऑपरेटिव यूनियन का सुपरवाइजर कौन था? उसने क्या गबन किया था?

(ख) किसी **एक** नाटक से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए:— 5

(i) अश्वमेधी घोड़े की क्या पहचान थी?

(ii) विश्वामित्र ने आठ सौ अश्वमेधी घोड़ों की मांग क्यों की?

(iii) काशी नरेश का क्या नाम था?

**अथवा**

(i) कैप्टन कपूर के व्यक्तित्व की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ii) 'कोर्ट मार्शल' में सूरत सिंह की क्या भूमिका है?

(iii) रामचन्दर का कोर्ट मार्शल क्यों हो रहा था?